<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में माननीय राज्यपाल द्वारा लोकार्पण कार्यक्रम</u>

पन्तनगर। 2 अप्रैल 2025। विश्वविद्यालय में दिनांक 4 अप्रैल 2025 को उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल एवं पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले.ज. गुरमीत सिंह द्वारा प्रातः 11:00 बजे मधुवाटिका का लोकार्पण एवं भ्रमण किया जायेगा। प्रातः 11:15 बजे गौरा देवी प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण कर उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करेंगे। प्रातः 11:25 बजे देवकी नन्दन अग्रवाल (बाजपुर) स्टूडेन्ट रिक्रिएशन सेंटर का विधिवत लोकापर्ण कर 1962 बैच के पूर्व छात्र डा. शाम एस. गोयल एवं उनकी पत्नी श्रीमती विमला गोयल से बातचीत करेंगे तदोपरान्त विश्वविद्यालय के डा. रतन सिंह सभागार में माननीय राज्यपाल सभी संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा की जायेगी।

निदेशक संचार